संख्याः-भा0 स 0-244/78-1-2023-1099/204/2023

प्रेषक,

अनिल कुमार सागर,
प्रमुख सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

1-समस्त मण्डलायुक्त उ0प्र0।
2-समस्त जिलाधिकारी उ0प्र0।

आई.टी. एवं इलेक्ट्रानिक्स अनुभाग-1 लखनऊःदिनांकः 04 जनवरी, 2024

**विषयः- जिला स्तर पर नियमित डीएलसी बैठकें आयोजित करने तथा इसमें दूरसंचार उद्योग संघों के प्रतिनिधियों को सम्मिलित करते हुए अन्य विषयों के साथ ही RoW की applications एवं CBuD app पर विचार करने विषयक।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक उप महानिदेशक, (आर-1), संचार मंत्रालय, दूरसंचार विभाग, भारत सरकार के पत्र सं0-T-1/DDG(R-1)UPE LSA/NBM-SBC/Correspondence, दिनांक 13-11-2023 **(छायाप्रति संलग्न)** का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2- अवगत कराना है कि डीएलसी बैठकें जिला स्तर पर प्रभावी दूरसंचार बुनियादी ढांचे और सेवाओं को सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण हैं, जिससे राज्य में व्यापार करने में आसानी होगी और सरकारी संस्थाओं और दूरसंचार उद्योग संघों के प्रतिनिधियों के बीच सहयोग की सुविधा मिलेगी। जिलास्तरीय समिति में स्थानीय योजना और समन्वय, बुनियादी ढांचे की तैनाती, सेवा की गुणवत्ता (क्यूओएस), आपातकालीन संचार एवं राज्य और केंद्र सरकार की उपयोगिता एजेंसियों की भूमिगत संपत्तियों की क्षति से सुरक्षा मुद्दों के साथ RoW की applications एवं CBuD app को शामिल किया जा सकता है।

3- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रश्नगत प्रकरण में उप महानिदेशक, (आर-1), संचार मंत्रालय, दूरसंचार विभाग, भारत सरकार के पत्र सं0-T-1/DDG(R-1)UPE LSA/NBM-SBC/Correspondence, दिनांक 13-11-2023 द्वारा की गयी अपेक्षा के क्रम में जिला स्तर पर आयोजित होने वाली डीएलसी बैठकों में उपरोक्त महत्वपूर्ण विषयों को सम्मिलित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें।

संलग्नकः यथोक्त।

भवदीय,

(अनिल कुमार सागर)
प्रमुख सचिव।

Digitally Signed by अनिल कुमार सागर
Date: 03-01-2024 13:26:00
Reason: Approved

File No.78-01099/204/2023-00 0 -1-00

<u>संख्या एवं दिनांक तदैव</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- उप महानिदेशक, (आर-1), संचार मंत्रालय, दूरसंचार विभाग, भारत सरकार को उनके पत्र दिनांक 13-11-2023 के क्रम में प्रेषित।

2- प्रबन्ध निदेशक, यूपीएलसी, लखनऊ।

आज्ञा से,

**(विवेक कुमार गुप्ता)**
अनु सचिव।